हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 11 सितंबर 2026

04 खराब सोयाबीन हाथों में लेकर तहसील ...



07 नगर सहित स्टेट हाईवे व प्रधानमंत्री सड़क पर...



खबर संक्षेप

एक नई दिशा, एक सुनहरा अवसर कार्यक्रम 13 को

सीहोर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीहोर द्वारा समाज के युवाओं को शिक्षा, रोजगार एवं व्यवसाय एक आर्थिक रूप से मजबूत, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 13 सितम्बर रविवार को अवधपुरी स्थित विवेकानंद महाविद्यालय के सभागार में एक नई दिशा, एक सुनहरा अवसर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अभा क्षत्रिय महासभा सीहोर के अध्यक्ष गणेश सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से समाज के युवाओं को रोजगार के सामान्य ज्ञान-प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 11 बजे से 1 बजे तक किया कार्यक्रम एवं पश्चात 1 बजे से राजपूत बिजनेस फोरम में एक पंजीकृत संख्या से इसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ उपस्थित विषय विशेषज्ञ अपने-अपने क्षेत्र में विशेष जानकारी से रोजगार की समस्या, नये व्यवसाय की दिशा का मार्गदर्शन दिया जाएगा।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अधिमंत्रण उदयप्रताप सिंह, के.पी. सिंह कुरुक्षेत्र पंडित विशेष अतिथि ज्ञानेंद्र सिंह बघेल, अध्यक्षीय एक्सीलेंस आश्रम सिंह बघेल सहकारी बैंक, नरेंद्र सिंह तोमर उक्त द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा।

5 दिन में 7 हजार से ज्यादा मरीज ओपीडी पहुंचे, सफाई व्यवस्था ध्वस्त होने से मंडराया संक्रमण का खतरा

जिला अस्पताल में बदहाली: वायरल बुखार का असर एक बेड पर दो-दो मरीज, फर्श पर भी इलाज की मजबूरी

मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ अत्यधिक दबाव में काम कर रहे हैं। पर्चा बनवाने से लेकर डॉक्टर को दिखाने और दवा लेने तक मरीजों की लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में वायरल बुखार, मलेरिया और सर्दी-खांसी जैसी मौसमी बीमारियों ने पांव पसार लिए हैं। इसके चलते जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है और व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं। अस्पताल में स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि वार्डों में बेड कम पड़ गए हैं, जिसके कारण एक ही बेड पर दो-दो मरीजों को लिटाकर इलाज किया जा रहा है। कई मरीजों को मजबूरी में फर्श पर चादर बिछाकर इलाज कराना पड़ रहा है। बता दें अस्पताल की ओपीडी में रोजाना मरीजों का सैलाब उमड़ रहा है। पिछले पांच दिनों के भीतर ही 7 हजार से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच चुके हैं।





सात हजार के पार पहुंची ओपीडी

5 सितंबर: 964 मरीज
6 सितंबर: 634 मरीज
7 सितंबर: 1,499 मरीज
8 सितंबर: 1,400 मरीज
9 सितंबर: 1,666 मरीज
10 सितंबर दोपहर तक 1,129 मरीज

मौसमी बीमारी और वायरल बुखार के मरीज बड़ी संख्या में जिला अस्पताल पहुंच रहा है उसके साथ ही जिले की अन्य तहसीलों से भी गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया जाता है।

गंदगी से पसरी दुर्गंध, संक्रमण की आशंका: अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण वार्डों से लगे शौचालयों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नियमित सफाई न होने से उठती दुर्गंध के बीच मरीज और उनके परिजन रहने को मजबूर हैं। अस्पताल परिसर में स्वच्छता न होने से नया संक्रमण फैलने की गंभीर आशंका बनी हुई है।

डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ पर भारी दबाव

मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ अत्यधिक दबाव में काम कर रहे हैं। पर्चा बनवाने से लेकर डॉक्टर को दिखाने और दवा लेने तक मरीजों की लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं। लोगों को अपनी बारी के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। मरीजों के परिजनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल में अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की जाए और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराया जाए।

सुदामा नगर में 22 लाख की लागत से बनेगी कवर्ड नाली, विकास कार्यों को मिल रही नई गति

सीहोर। नगर पालिका परिषद सीहोर द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में लगातार विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 11 सुदामा नगर में लगभग 22 लाख रुपए की लागत से होने वाले कवर्ड नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर द्वारा किया गया।



यह कवर्ड नाली निर्माण कार्य आकाश राठौर से कान्हा डेयरी तक, शेखर यादव से अभिषेक डीजे तक तथा एलबीएस स्कूल से पवन विश्वकर्मा तक कराया जाएगा। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा नाली निर्माण एवं जल निकासी की बेहतर व्यवस्था की मांग की जा रही थी। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में जल निकासी की समस्या से काफी हद तक निजात मिलने के साथ ही स्वच्छता व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर पालिका परिषद का मूल उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सड़कों, नालियों, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता जैसे कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है।उन्होंने कहा कि सुदामा नगर में कवर्ड नाली निर्माण क्षेत्र की महत्वपूर्ण आवश्यकता थी। लगभग 22 लाख रुपए की लागत से होने वाला यह कार्य नागरिकों को बेहतर जल निकासी की सुविधा उपलब्ध कराएगा और क्षेत्र की स्वच्छता एवं सुंदरता में भी सुधार होगा। नपाध्यक्ष श्री राठौर ने आगे कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के विकास में किसी भी वार्ड के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा।

जनता ने जिस विश्वास के साथ नगर पालिका की जिम्मेदारी सौंपी है, उस विश्वास को विकास कार्यों के माध्यम से पूरा करना हमारी प्राथमिकता है। शहर के प्रत्येक क्षेत्र में आवश्यकता के अनुसार विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एवं प्रदेश सरकार की विकासोन्मुखी सोच के अनुरूप नगर पालिका परिषद सीहोर शहर के विकास को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में भी नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने के लिए अनेक विकास कार्य धरातल पर दिखाई देंगे।

कवर्ड नाली निर्माण के भूमिपूजन से क्षेत्रवासियों में भी उत्साह देखने को मिला। वार्डवासियों ने लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किए जाने पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर एवं नगर पालिका परिषद का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद लोकेंद्र वर्मा, पूर्व जिला भाजपा महामंत्री रमाकांत समाधिया, पार्षद कमलेश राठौर, कमलेश कुशवाहा सहित वार्ड के आशीर्वाददाता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद द्वारा क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया गया कि निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय-सीमा में पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।

रिश्वत कांड से हड़कंप: बीपीएल आदेश के 5 हजार, कब्जा दिलाने के 20 हजार, पटवारी बोला: ऊपर तक देना पड़ता है!


ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत, ऑडियो-वीडियो सबूत होने का दावा, पटवारी का वीडियो वायरल होते ही श्यामपुर तहसील में मचा बवाल

अहमदपुर/दोराहा। श्यामपुर तहसील में राजस्व महकमे का एक बड़ा भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। राजस्व कार्यों के नाम पर खुलेआम रिश्वत मांगे जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम पथरिया निवासी भगवान सिंह गुर्जर, दयाल सिंह एवं अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर सीहोर को लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि बीपीएल बनाए जाने और उसके आदेश के लिए 5 हजार रुपए और जमीन पर कब्जा दिलाने के नाम पर 20 हजार रुपए की कथित मांग की जा रही है। अन्य राजस्व कार्यों के लिए भी अलग-अलग रेट तय होने का आरोप लगाया गया है। शिकायत में सीधे तौर पर पटवारी जितेंद्र शर्मा का नाम लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब उन्होंने रिश्वत देने से इंकार किया तो पटवारी ने बेशर्मी से कहा कि मुझे भी ऊपर देना पड़ता है।

ऑडियो-वीडियो बम से होगा खुलासा : इस मामले में शिकायतकर्ताओं ने दावा किया है कि उनके पास रिश्वत मांगने के पुख्ता ऑडियो-वीडियो साक्ष्य मौजूद हैं। एक वायरल वीडियो में पटवारी साफ तौर पर कहते हुए सुना जा रहा है कि बीपीएल परमिट का आदेश तब तक नहीं होता, जब तक वह तहसीलदार की जेब में जाकर रख नहीं देता, बाबू को भी देखना पड़ता है। वीडियो में पटवारी बीपीएल परमिट के आदेश के नाम पर सौदेबाजी करता हुआ नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इन ऑडियो-वीडियो की फोरेंसिक जांच कराई जाए और राजस्व अभिलेखों व संबंधित लोगों के बयानों की भी जांच हो। वीडियो सामने आते ही श्यामपुर तहसील में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। लोग पटवारी की बातों को सुनकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।





तहसीलदार बोले: कार्रवाई करेंगे

इस पूरे मामले पर तहसीलदार श्यामपुर, श्याम चंदेले ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। अग्रिम कार्रवाई के लिए एसडीएम सर की ओर प्रस्ताव भेज रहे हैं। इनके विरुद्ध कार्रवाई करेंगे।

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

मानसिक समस्याओं पर खुलकर बात करने की सलाह हितग्राहियों को दिलाई आत्महत्या रोकथाम की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केंद्र में दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संकट और आत्महत्या की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि मानसिक परेशानियों को छिपाने के बजाय उनके बारे में परिवार, मित्रों और भरोसेमंद लोगों से खुलकर बातचीत करना चाहिए। समय पर बातचीत और उचित सहयोग कई गंभीर परिस्थितियों को टालने में मददगार हो सकता है।

कार्यक्रम में संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, संकल्प नशा मुक्ति केंद्र के संचालक राहुल सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी वीरेंद्र बिसोरिया पूर्व रेंज, दिनेश दिनकर, सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट एवं आयुष गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों को आत्महत्या रोकथाम के लिए सामूहिक शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी ने केंद्र में मौजूद हितग्राहियों से मानसिक समस्याओं को लेकर खुलकर बातचीत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मानसिक परेशानी के बारे में बात करना किसी भी व्यक्ति की कमजोरी नहीं है, बल्कि समय पर मदद लेने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि कई बार व्यक्ति अपनी भावनात्मक परेशानियों को अपने तक सीमित रखता है, जिसके कारण तनाव और अकेलापन बढ़ सकता है। ऐसे में परिवार और समाज के लोगों को संवेदनशीलता के साथ उसकी बात सुननी चाहिए। जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञों और उचित सहायता का सहारा लेना भी जरूरी है। दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में यह संदेश पहुंचाना रहा कि जीवन अनमोल है और मानसिक परेशानियों के समय अकेले रहने के बजाय संवाद, सहयोग और समय पर मदद का रास्ता अपनाना चाहिए।

आत्महत्या रोकथाम के लिए दिलाई सामूहिक शपथ

दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ आत्महत्या रोकथाम के लिए सामूहिक संकल्प भी लिया गया। उपस्थित लोगों ने जीवन के महत्व को समझने, परेशान व्यक्ति की बात सुनने और जरूरत के समय सहयोग करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि आत्महत्या की रोकथाम केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं है। परिवार, मित्र, सामाजिक संगठन और समुदाय मिलकर ऐसा वातावरण तैयार कर सकते हैं, जहां मानसिक परेशानी से जूझ रहा व्यक्ति बिना संकोच अपनी बात रख सके।

कार्यक्रम में मौजूद हितग्राहियों को भी अपनी परेशानियों का सामना धैर्य और सकारात्मक सोच के साथ करने का संदेश दिया गया। श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि दो दिवसीय कार्यशाला में लखन, राधे वर्मा एवं श्याम माहेश्वरी सहित अन्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य, जीवन में आने वाली चुनौतियों तथा सकारात्मक सोच के महत्व पर अपनी बात रखी।

कार्यशाला में विचार रखने वाले अतिथियों एवं वक्ताओं का केंद्र के संचालक राहुल सिंह सहित अन्य लोगों ने स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी विषय से जुड़े विचार और अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। यदि कोई व्यक्ति लगातार उदास, तनावग्रस्त, अकेला या निराश दिखाई दे तो उसकी बात को नजरअंदाज करने के बजाय उससे बातचीत करनी चाहिए। जरूरत पड़ने पर परिवार को उचित सहायता लेने के लिए आगे आना चाहिए।

नशे से दूर रहने और सकारात्मक वातावरण पर जोर

कार्यक्रम में नशे की समस्या और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध को लेकर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि नशे की आदत व्यक्ति के पारिवारिक, सामाजिक और मानसिक जीवन को प्रभावित कर सकती है। ऐसे में नशे से दूर रहना और जरूरत पड़ने पर उपचार एवं परामर्श लेना महत्वपूर्ण है। संकल्प नशा मुक्ति केंद्र के माध्यम से नशामुक्ति के साथ-साथ लोगों को जीवन के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

नोडल अधिकारी और मास्टर ट्रेनर नामांकित

सीहोर। स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 योजना के प्रभावी संचालन एवं निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने के लिए कलेक्टर कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर नामांकित किए हैं। आदेश के अनुसार अपर कलेक्टर श्री बृजेश सक्सेना को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया है। तहसीलदार गजेन्द्र सिंह लोधी एवं प्रभारी तहसीलदार सिद्धांत सिंह सिंगला को मास्टर ट्रेनर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह आदेश कार्यालय कलेक्टर, भू-संसाधन प्रबंधन, जिला सीहोर द्वारा 10 सितम्बर को जारी किया गया। संबंधित अधिकारियों को योजना के प्रभावी संचालन एवं निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं।



खबर संक्षेप



सीहोर ने ग्वालियर को 4-0 से हराया, अथर्व ने लगाए 2 गोल

सीहोर। शहर के भोपाल नाका स्थित आवासीय खेलकूद और चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही सब जूनियर स्टेट चैंपियनशिप के चौथे दिन दोनों मुकाबले एक तरफा रहे। पहले मुकाबले में सीहोर ने ग्वालियर को 4-0 से हराया। वहीं भोपाल ने नर्मदापुरम को 6-0 से हराया। इस मौके पर एसोसिएशन के मनोज कन्नोजिया और खेल अधिकारी अता उल्ला खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कया। एसोसिएशन के मिडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का पहला मैच सीहोर विरुद्ध ग्वालियर के मध्य खेला गया, जिसमे सीहोर 4-0 से विजय रही सीहोर की तरफ से अथर्व ने 2 गोल किया अनिकेत ने एक गोल किया अक्षय ने एक गोल किया। इसके अलावा प्रतियोगिता में दूसरा मैच भोपाल विरूद्ध नर्मदापुरम के मध्य खेला गया जिसमें भोपाल 6-0 से विजय रही भोपाल की से अभिनव ने 2 गोल किए अमानुल्लाह ने एक गोल किया स्माइल ने एक गोल किया प्रणव ने एक गोल किया प्रथम ने एक गोल किया प्रतियोगिता में शुक्रवार दो मैच खेले जाएंगे जिसमें पहला मैच बड़वानी विरूद्ध इंदौर के मध्य खेला जाएगा प्रतियोगिता में दूसरा मैच रतलाम विरुद्ध खरगोन के मध्य खेला जाएगा।

नर्मदा उद्वहन सिंचाई योजना में देरी- मूंग में दिया जाए डैम से पानी

खराब सोयाबीन हाथों में लेकर तहसील पहुंचे किसान, सरकार से मांगा फसल का हक

जय जवान-जय किसान के नारों के बीच किसानों का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री-कलेक्टर के नाम एसडीएम को 17 सूत्रीय ज्ञापन, सर्वे कर मुआवजा और एमएसपी गारंटी कानून की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा







खेतों में खराब हो रही सोयाबीन की फसल को हाथों में लेकर गुरुवार को बड़ी संख्या में किसान कृषि उपज मंडी से तहसील कार्यालय तक पैदल पहुंचे। किसानों ने रास्ते में जय जवान-जय किसान के नारे लगाए और एसडीएम कार्यालय के सामने जमीन पर बैठकर अपनी समस्याएं प्रशासन के सामने रखीं। किसान स्वराज संगठन के जिला अध्यक्ष भगवानसिंह यदुवंशी के नेतृत्व में किसानों ने मुख्यमंत्री और जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम सुधीर कुशवाह को 17 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इसमें फसल नुकसान का तत्काल सर्वे कराकर मुआवजा और बीमा राशि दिलाने के साथ मक्का, सोयाबीन और धान की एमएसपी पर खरीदी सुनिश्चित करने तथा प्रदेश में एमएसपी गारंटी कानून लागू करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।

किसानों ने कहा कि कम बारिश और कीट प्रकोप के कारण सोयाबीन, उड़द, धान और मक्का सहित कई फसलों पर असर पड़ा है। कई क्षेत्रों में किसान फसल को लेकर चिंतित हैं। ऐसे में प्रभावित गांवों में तत्काल सर्वे कराया जाए और नुकसान के आधार पर किसानों को राहत राशि तथा फसल बीमा का लाभ दिलाया जाए। कम बारिश की स्थिति को देखते हुए सीहोर जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई है। किसानों ने मक्का के भाव एमएसपी से काफी नीचे रहने का मुद्दा उठाते हुए मक्का का पंजीयन शुरू कर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करने की मांग की है। इसके साथ ही सोयाबीन और धान की भी एमएसपी पर खरीदी सुनिश्चित करने तथा मध्यप्रदेश में एमएसपी गारंटी कानून लागू करने की मांग ज्ञापन में शामिल है। दूध का भाव बढ़ाकर बारह रुपये प्रति फैट करने की मांग भी रखी गई है।

खाद की कमी और बिजली व्यवस्था पर नाराजगी

ज्ञापन में जिले में डीएपी, यूरिया, टीएसपी सहित सभी आवश्यक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता तत्काल सुनिश्चित करने की मांग की गई है। किसानों ने मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप दिन में पर्याप्त बिजली तथा रात में छह घंटे बिजली उपलब्ध कराने और बिजली के तार, पोल एवं ट्रांसफार्मरों के आवश्यक रखरखाव की मांग भी उठाई है। क्षेत्र में किसानों के खेतों से मोटर, केबल वायर, स्टार्टर और सोलर प्लेट चोरी होने की घटनाओं को लेकर भी संगठन ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। ज्ञापन में कहा गया कि चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं और किसानों में परेशानी है। संगठन ने मामलों में उचित कार्रवाई तथा किसानों की शिकायतों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

आवंलीघाट से कोलार डैम के झोलियापुर क्षेत्र तक पाइपलाइन से पानी पहुंचाएं

गोपालपुर क्षेत्र की नर्मदा उद्वहन सिंचाई परियोजना के निर्माण में देरी का मुद्दा उठाते हुए संगठन ने इसकी जांच कराने, अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई करने तथा निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग की। वहीं तवा डैम की तरह कोलार डैम का पानी भी मूंग की फसल के लिए उपलब्ध कराने तथा आवंलीघाट से कोलार डैम के झोलियापुर क्षेत्र तक पाइपलाइन से पानी पहुंचाने की योजना स्वीकृत करने की मांग रखी गई। भैरूंदा-संदलपुर मार्ग की खराब स्थिति को लेकर भी तत्काल मरम्मत और डामरीकरण की मांग की गई है। किसानों ने क्षेत्र के स्टॉप डेमों में आवश्यक गेट लगाने की मांग भी उठाई।

नकली कीटनाशक और मंडी में कथित अनियमितता की जांच की मांग : ज्ञापन में सीहोर-भैरूंदा क्षेत्र में नकली कीटनाशक बनाने के कारखाने पकड़े जाने के मामले में कृषि विभाग की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की गई। कृषि उपज मंडी में कुछ कर्मचारियों और व्यापारियों की मिलीभगत से मूंग की फसल कथित रूप से किसानों के नाम पर बेचे जाने के आरोपों की भी जांच कराने की मांग की गई है। इसके अलावा पिछले वर्ष की सोयाबीन फसल की बीमा राशि से वंचित गांवों में जांच कराकर भुगतान कराने, मुख्यमंत्री खेत तारबंदी योजना एवं कुसुम योजना के लंबित फंड जारी करने तथा किसानों को कर्जमुक्त करने जैसे मुद्दे भी ज्ञापन में शामिल हैं।

सड़क, मंडी और बिजली से लेकर किसान सरकार संवाद की मांग

किसानों ने आगामी रबी सीजन से पहले खेतों और कृषि व्यवस्था से जुड़ी तैयारियां पूरी कराने, कृषि उपज मंडी निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। साथ ही प्रदेश एवं जिला स्तर पर किसान-सरकार समन्वय समिति बनाने का सुझाव दिया गया है, ताकि किसानों की समस्याओं और सुझावों पर समय रहते चर्चा हो सके और समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें बार-बार आंदोलन की राह न अपनानी पड़े।

धर्म की विजय का संदेश देता है विजयादशमी पर्व: मुख्य संरक्षक जसपाल सिंह अरोरा



सीहोर। अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व इस वर्ष भी शहर में आस्था, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। छावनी दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में शहर के मध्य स्थित बाल विहार मैदान पर भव्य दशहरा उत्सव आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों और आगामी दिनों की रूपरेखा को लेकर मध्यप्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा के मुख्य आतिथ्य में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में दशहरा उत्सव को भव्य एवं व्यवस्थित स्वरूप देने को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

इस दौरान समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने आयोजन की तैयारियों को लेकर अपने सुझाव भी रखे। बैठक को संबोधित करते हुए समिति के मुख्य संरक्षक जसपाल सिंह अरोरा ने कहा कि विजयादशमी का पर्व अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हमें जीवन में सदैव सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि छावनी दशहरा उत्सव समिति द्वारा हर वर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी दशहरा पर्व पूरे उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोजन में शहर और आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में नागरिक शामिल होंगे। समिति द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार तैयारियां की जा रही हैं।

मुंबई के कलाकारों की आतिशबाजी बनेगी आकर्षण: इस वर्ष दशहरा उत्सव में मुंबई के कलाकारों द्वारा भव्य आतिशबाजी प्रस्तुत की जाएगी, जो आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेगी। इसके साथ ही भगवान श्रीराम की विजय और अधर्म के अंत के प्रतीक स्वरूप रावण, कुंभकरण और मेघनाद के विशाल पुतलों का दहन किया जाएगा।दहन कार्यक्रम के दौरान मैदान पर मौजूद लोगों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। आतिशबाजी और पुतला दहन के साथ पूरा बाल विहार मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठेगा।

आशीष गहलोत अध्यक्ष, विनीत गोयल महामंत्री और विशाल सेन कोषाध्यक्ष : बैठक के दौरान समिति के गठन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। पूर्व पार्षद आशीष गहलोत को सर्वसम्मति से छावनी दशहरा उत्सव समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं विनीत गोयल को महामंत्री और विशाल सेन कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा राम बारात चल समारोह के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संतोष राठौर को दी गई। समिति के सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए दशहरा उत्सव को सफल बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

बारिश से बचाने के लिए पुतलों को पहनाया जाएगा रेनकोट : छावनी दशहरा उत्सव समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि आगामी दिनों में बारिश की संभावना को देखते हुए समिति द्वारा पुतलों की सुरक्षा को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि राजधानी भोपाल के कलाकारों द्वारा रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों को बारिश से बचाने के लिए रेनकोट आदि से सुरक्षित किया जाएगा। पुतलों को इस प्रकार तैयार किया जाएगा कि बारिश होने की स्थिति में भी उन्हें नुकसान न पहुंचे और निर्धारित समय पर दहन कार्यक्रम संपन्न कराया जा सके। आयोजन स्थल पर भी मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी।

16 सितंबर को होगा भव्य भूमि पूजन : बैठक में आगामी कार्यक्रमों की तिथियां भी निर्धारित की गईं। समिति द्वारा तय किया गया है कि 16 सितंबर को शाम 5 बजे शहर के बाल विहार मैदान में भव्य रूप से कार्यस्थल का भूमि पूजन किया जाएगा। भूमि पूजन के साथ ही दशहरा उत्सव की तैयारियों का विधिवत शुभारंभ होगा। भूमि पूजन कार्यक्रम के पश्चात समिति के मुख्य संरक्षक जसपाल सिंह अरोरा के निवास पर स्नेह भोज एवं बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसमें समिति के पदाधिकारी और सदस्य शामिल होकर आगामी तैयारियों को लेकर आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे।


भारत–पराग्वे के शैक्षणिक संबंधों को सुदृढ़ करने वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के डॉ. विनोद भट्ट और डॉ. देवव्रत गुप्ता सम्मानित





सीहोर। वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी के एन एस एस इकाई के प्रोग्राम आफिसर डॉ. विनोद भट्ट एवं सहायक प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. देवव्रत गुप्ता को पिछले दिनों पराग्वे देश में सम्मानित हुए हैं। दरअसल भारत और पराग्वे के बीच संबंधों को सुदृढ़ एवं विकसित करने और शैक्षणिक सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, बौद्धिक सहभागिता तथा जन-से-जन संबंधों को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मान आर्डर डेल ग्रान कालर जनरल डगलस मैक आर्थर से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान को प्राप्त करने के बाद अपने अनुभव शेयर करते हुए दोनों लोगों ने इस सम्मान को केवल व्यक्तिगत उपलब्धि न मानते हुए इसे भारत और पराग्वे के बीच निरंतर बढ़ती मैत्री एवं साझेदारी का प्रतिबिंब बताया।

राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा का दौरा कार्यक्रम



सीहोर। राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा 11 सितम्बर को दोपहर 12 बजे इछावर तहसील के ग्राम भा उ खे ड़ी पहुंचेंगे और आई.सी.ए.आर. राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान द्वारा आयोजित कृषक प्रशिक्षण एवं सोयाबीन दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। मंत्री वर्मा भाउखेड़ी से प्रस्थान कर 1.30 बजे ग्राम बलोंडिया पहुंचेंगे और मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

कृषि रोड-मैप के तहत किसानों को अमरूद और आम के फलोद्यान की उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण



सीहोर। कृषि रोड-मैप के तहत विकासखंड भैरूंदा में उद्यानिकी विभाग द्वारा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान, लखनऊ के वैज्ञानिकों ने चयनित किसानों को अमरूद एवं आम के फलोद्यान की स्थापना, प्रबंधन एवं उत्पादन बढ़ाने की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी।

प्रशिक्षण में सीआईएसएच लखनऊ के वैज्ञानिक डॉ. के. के. श्रीवास्तव ने जलवायु के अनुरूप अमरूद एवं आम उत्पादन, सघन फलोद्यान तथा उत्पादन वृद्धि की तकनीकों के बारे में बताया। डॉ. अंशुमन सिंह ने उन्नत किस्मों, गुणवत्ता, भंडारण, उर्वरक एवं सिंचाई प्रबंधन के साथ अमरूद में प्रूनिंग एवं ट्रेनिंग तकनीक की जानकारी दी।

डॉ. दीपक सिंह ने कीट एवं रोग नियंत्रण के लिए जैविक एवं रासायनिक उपायों के बारे में किसानों को प्रशिक्षित किया।

प्रशिक्षण के बाद अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं किसानों ने ग्राम सोंठिया के कृषक चन्द्रवीर सिंह के 40 एकड़ क्षेत्र में लगे आम एवं अमरूद के फलोद्यान का भ्रमण कर व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में सहायक संचालक उद्यान जगदीश सिंह मुजाल्दा, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी विजय कुमार वारिवा सहित भैरूंदा, बुधनी एवं इछावर के विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

नवंबर में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में करेंगी मप्र का प्रतिनिधित्व

हनी परमार बनीं मध्यप्रदेश चैंपियन, प्रदेश स्तरीय वेटलिफ्टिंग में जीता गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बिलकीसगंज के शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा हनी परमार ने प्रदेश स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर मध्यप्रदेश चैंपियन का खिताब हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

58 किलो भार वर्ग में उठाया 80 किलो वजन

हनी ने 19 वर्ष आयु वर्ग के 58 किलोग्राम शरीर भार वर्ग में हिस्सा लिया। उन्होंने 80 किलोग्राम वजन उठाकर प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया और गोल्ड मेडल जीता। इस प्रदर्शन के आधार पर हनी का चयन नवंबर में होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में वे मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना लक्ष्य : हनी परमार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरु और स्वामी विवेकानंद स्कूल के संचालक मोहन पाराशर को दिया। उन्होंने बताया कि गुरु के मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और नियमित अभ्यास से उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली। अब हनी का लक्ष्य राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश के लिए पदक जीतना है।

विद्यालय परिवार ने दी बधाई

हनी के गोल्ड मेडल जीतकर मध्यप्रदेश चैंपियन बनने पर आवासीय विद्यालय के प्राचार्य आलोक शर्मा, बिलकीसगंज सरपंच राजेश जांगड़े, सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार शर्मा सहित शिक्षकों, स्टाफ, परिजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी। सभी ने हनी को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

शिक्षकों ने जुटाए 40 हजार रुपए विद्यार्थियों को वितरित की गई आवश्यक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शासकीय माध्यमिक विद्यालय धनखेड़ी में विद्यालय के सभी पांच शिक्षकों ने आपसी सहयोग से 40 हजार रुपये की राशि एकत्रित कर विद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को आवश्यक सामग्री का वितरण किया। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को टी-शर्ट, लोवर, गले की टाई, बेल्ट, जूते-मोजे एवं पहचान पत्र सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई।

शिक्षकों की इस सराहनीय पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को विद्यालय में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ उनमें अनुशासन एवं समानता की भावना को बढ़ावा देना रहा। शिक्षकों द्वारा किए गए इस प्रयास की उपस्थित अधिकारियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने सराहना की।

कार्यक्रम में डॉ. राजेन्द्र देशमुख, व्याख्याता सीहोर, सुरेन्द्र यादव, सहायक परियोजना समन्वयक, अशोक वर्मा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, गेंदराज विश्वकर्मा, विकासखंड अकादमिक समन्वयक, रामेश्वर पाटिल, जनशिक्षक, श्याम प्रजापति, अतिथि शिक्षक सहित विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश विश्वकर्मा, शिक्षक अविनाश ठाकुर, अमिता राठौर, प्रतिभा शाक्य एवं नीतु सक्सेना, पंचायत सचिव भारत सिंह गौर तथा पूर्व शिक्षक प्रदीप दुबे उपस्थित रहे।

अनुमति के सवाल पर नगर परिषद और एमपीआरडीसी आमने-सामने

नगर सहित स्टेट हाईवे व प्रधानमंत्री सड़क पर रिफ्लेक्टर-स्पीड ब्रेकर पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर की सड़कें बड़े-बड़े गड्ढों से जूझ रही हैं। स्टेट हाईवे और प्रधानमंत्री सड़क की हालत भी वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। लेकिन नगर परिषद की प्राथमिकता पर सवाल तब खड़े हो गए, जब गड्ढों से जूझ रही करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क पर लगभग 19 स्पीड ब्रेकर लगा दिए गए।

इतना ही नहीं, नगर सहित विभिन्न सड़कों पर करीब 19 लाख रुपए की लागत से रिफ्लेक्टर और स्पीड ब्रेकर लगाने का काम किए जाने की बात सामने आई है। नगर पालिका ने सड़क के गड्ढों की मरम्मत छोड़ स्पीड ब्रेकरों की भरमार ला दी है। डेढ़ किलोमीटर सड़क पर करीब 19 स्पीड ब्रेकर लगाए जाने से वाहन चालकों के भी सवाल उठ रहे हैं।

जिस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं, वहां पहले सड़क की मरम्मत होना जरूरी थी या स्पीड ब्रेकर लगाए जाना? लोगों का कहना है कि सड़क की मूल समस्या दूर करने के बजाय जगह-जगह स्पीड ब्रेकर लगाकर आखिर किस समस्या का समाधान किया जा रहा है? यदि उद्देश्य सड़क सुरक्षा है तो गड्ढों को छोड़कर सिर्फ स्पीड ब्रेकर लगाना किस तरह की सड़क सुरक्षा व्यवस्था है?

जब अनुमति ही नहीं तो किसके आदेश पर हुआ काम?

यहीं से पूरे मामले पर सबसे बड़ा सवाल खड़ा होता है। यदि सड़क एमपीआरडीसी के अधीन है और विभाग के अनुसार उससे कोई अनुमति नहीं ली गई, तो नगर परिषद ने किस आधार पर वहां स्पीड ब्रेकर लगवाए?और यदि नगर परिषद का दावा है कि नगरीय सीमा में उसे स्पीड ब्रेकर लगाने का अधिकार है, तो फिर संबंधित सड़क एजेंसी को इसकी जानकारी या अनुमति की जरूरत क्यों नहीं समझी गई?क्या नगर परिषद की सीमा में आते ही किसी भी विभाग की सड़क पर बिना संबंधित एजेंसी की अनुमति के मनमाने तरीके से स्पीड ब्रेकर लगाए जा सकते हैं?

स्पीड ब्रेकर बनाने में कर दिए 19 लाख खर्च का जवाब कौन देगा?

नपा ने करीब 19 लाख रुपए के रिफ्लेक्टर और स्पीड ब्रेकर लगाने के काम ने खर्च की उपयोगिता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर इस राशि का प्रस्ताव किसने बनाया? किस मद से भुगतान किया गया? कार्यादेश किसके द्वारा जारी हुआ? कितने स्पीड ब्रेकर और रिफ्लेक्टर लगाए गए? उनकी दर क्या रही? और सबसे अहमकृक्या काम शुरू करने से पहले आवश्यक तकनीकी एवं विभागीय स्वीकृतियां ली गई थीं?इन सवालों के जवाब सामने आना जरूरी है।

अनुमति पर सीएमओ और एमपीआरडीसी आमने-सामने

स्टेट हाईवे अगर नगरीय सीमा में आता है, तो नगर परिषद स्पीड ब्रेकर लगा सकती है, इसमें किसी भी विभाग की अनुमति लेने की जरूरत नहीं है।

-देवेंद्र वत्स, मुख्य नगर परिषद अधिकारी माचलपुर

एमपीआरडीसी से किसी तरह की परमिशन नहीं ली गई है। रोड पर इतने स्पीड ब्रेकर लगाना बिल्कुल भी उचित नहीं है। मैं इस संबंध में सीएमओ से बात करता हूँ।

-ईश्वर चांदेली, डीएम एमपीआरडीसी राजगढ़

संत के भक्तों ने सुरक्षा देने व आरोपी को दंड देने की रखी मांग

पं. कमल नागर को मिली धमकी के विरोध में नारेबाजी, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मालवा माटी के प्रख्यात संत पंडित कमल किशोर नागर को विगत दिनों कथा के दौरान एक पत्र से मिली धमकी के विरोध में उनके अनुयायियों में खासा आक्रोष व्याप्त है। इसी के चलते संत श्री नागर को सुरक्षा देने एवं उक्त धमकी देने वाले को पकड़कर यथोचित कार्रवाई के लिए अनेक भक्तों ने बुधवार दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अजाक डीएसपी नेहा गौर को एक ज्ञापन सौंपा। उल्लेखनीय है कि गत 4 सितंबर पंडित नागर झाबुआ जिले के भूरा डाबरा स्थित गुरू कृपा शबरी गौशाला में रात्रिकालीन कथा कर रहे थे। इस दौरान भेंट स्वरूप प्राप्त प्रसाद, शॉल, श्रीफल आदि सामग्री के बीच धमकी भरी चिट्ठी मिली। इसमें पंडित नागर को धमकी दी गई थी।

महाराज रुकवा रहे धर्मांतरण इसलिए मिली धमकी

एसपी ऑफिस पहुंचे गौ भक्त मंडल खिलचीपुर, जीरापुर भक्तों ने बताया कि पंडित नागर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में लगातार हो रहे धर्मांतरण के खिलाफ अलख जगा रहे हैं। इसके साथ ही अनेकों लोगों की हिन्दू धर्म में वापसी श्री नागर ने करवाई है। यह बात धर्मविरोधियों के गले नहीं उतर रही और वे आवाज दबाने धमकियां दे रहे हैं। ऐसे में धमकी भरे उक्त पत्र को गंभीरता से लेते हुए संत श्री की सुरक्षा और आश्रम की सुरक्षा की मांग करते हुए संबंधित दोषी पर कार्रवाई की मांग भी रखी गई है।

मंदिर से बटेरी माता तक पथ बनाने पर चर्चा की

खोयरी मंदिर ट्रस्ट का पुनर्गठन, कलेक्टर रहेंगे अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता एवं क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर की उपस्थिति में बुधवार दोपहर खोयरी महादेव मंदिर परिसर में ट्रस्ट के पुनर्गठन संबंधी बैठक आयोजित की गई। नवगठित ट्रस्ट में कलेक्टर को अध्यक्ष बनाते



हुए डीएफओ, पुलिस अधीक्षक, सांसद एवं राजगढ़ विधायक को भी शामिल किया गया है। इसके साथ ही गोपाल विजयवर्गीय उपाध्यक्ष, देवेंद्र बैस उपाध्यक्ष, प्रवीण सिंह पंवार सचिव, हेमेंद्र शर्मा सह-सचिव, बालकिशन गुप्ता कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके साथ ही पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा एवं अधिवक्ता एचबी व्यास संरक्षक रहेंगे।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व शिविरों में प्रसूताओं की निशुल्क सोनोग्राफी के लिए दिए गए ई-टिकट



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत बुधवार को जिले की 10 प्रमुख स्वास्थ्य संस्थाओं में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंची गर्भवती महिलाओं ने स्वास्थ्य जांच कराई और आवश्यक उपचार प्राप्त किया। शिविरों के निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने व्यवस्थाओं को देखा और गर्भवती महिलाओं को त्वरित राहत देने के उद्देश्य से उनके ई-टिकट जनरेट करवाए। इन टिकटों के माध्यम से महिलाएं चिन्हित निजी सोनोग्राफी सेंटरों पर जाकर पूरी तरह निःशुल्क सोनोग्राफी करा सकेंगी। अधिकारियों के अनुसार ई-टिकट जनरेट होने के बाद संबंधित महिला आगामी 7 दिनों की समयावधि के भीतर अपनी निःशुल्क सोनोग्राफी करवा सकती है।

निजी सेंटर पर निःशुल्क होगी सोनोग्राफी

सीएमएचओ डॉ. पटेल ने बताया कि ई-टिकट जनरेट होने के बाद संबंधित महिला आगामी 7 दिनों की समयावधि के भीतर अपनी निःशुल्क सोनोग्राफी करवा सकती है। यह निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा किसी भी निजी सेंटर पर पहुंचकर ली जा सकती है। अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना है।

नेहरू बालोद्यान में जमा बारिश का पानी, डेंगू के मच्छरों का बढ़ा खतरा

पार्क में जलभराव से लोग परेशान, ओपन जिम व पार्क बंद, पानी निकासी न होने से नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सिविल अस्पताल के सामने वार्ड 08 में स्थित नेहरू बालोद्यान पार्क इन दिनों जलभराव की समस्या से जूझ रहा है। बारिश थमने के बाद भी पार्क परिसर में बड़ी मात्रा में पानी जमा है। लंबे समय से जमा पानी अब मच्छरों के पनपने का कारण बन रहा है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों में डेंगू सहित मच्छरजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान पार्क में पानी भर जाता है, लेकिन जल निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं होने से समस्या बनी रहती है। इस बार भी बारिश का पानी पार्क में जमा है और कई दिनों



बाद भी इसकी निकासी नहीं हो सकी है। तस्वीर में भी पार्क के पैदल मार्ग पर पानी भरा हुआ दिखाई दे रहा है। वही नेहरू बालोद्यान में सुबह-शाम बड़ी संख्या में लोग टहलने पहुंचते हैं। इसके अलावा पार्क में बने ओपन जिम का भी लोग नियमित रूप से उपयोग करते हैं। जलभराव और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप के चलते फिलहाल पार्क को बंद रखा गया है, जिससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों का आरोप है कि नगर पालिका द्वारा समय रहते पानी की निकासी और मच्छर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। जमा पानी में मच्छरों के लार्वा पनपने की आशंका के बीच लोगों ने जल्द पानी निकलवाने और दवा का छिड़काव कराने की मांग की है।

अब देखना यह होगा कि नगर पालिका पार्क में जमा पानी की

बाजार में अतिक्रमण हटाने निकला नपा अमला सामान जब्त कर दुकानदारों को चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर में दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण और फुटपाथ पर बैठकर कारोबार करने वालों के खिलाफ बुधवार को नगर पालिका प्रशासन ने कार्रवाई की। नगर पालिका के अमले ने विभिन्न मार्गों पर पहुंचकर सड़क व फुटपाथ पर रखा सामान हटवाया। इस दौरान कई व्यापारियों का सामान जब्त किया गया, जबकि कुछ लोगों को दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की समझाइश देकर छोड़ दिया गया।

कार्रवाई के दौरान शराब ठेके के बाहर लगी अंडे की घूमटी सहित फुटपाथ पर बैठे कई व्यापारियों के सामान को नगर पालिका अमले ने जब्त किया। वहीं पुराने एबी रोड और अकोदिया नाका क्षेत्र में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। सड़क और फुटपाथ पर सामान रखकर व्यवसाय करने वालों को हटाया गया, जिससे कुछ समय के लिए क्षेत्र में हलचल का माहौल रहा। हालांकि कार्रवाई को लेकर नगर में अलग-अलग चर्चाएं भी सामने आईं। कुछ लोगों का कहना था कि अतिक्रमण



हटाने की कार्रवाई शुरू होने के बाद जल्द ही इतिश्री कर दी गई, जबकि अकोदिया नाका और पुराने एबी रोड पर कार्रवाई अपेक्षाकृत सख्त नजर आई। वहीं कुछ व्यापारियों ने अचानक कार्रवाई किए जाने और पूर्व सूचना अथवा नोटिस नहीं दिए जाने की बात भी कही। अब सवाल यह उठ रहा है कि नगर पालिका की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई सभी क्षेत्रों में समान रूप से चलेगी या फिर कुछ स्थानों तक ही सीमित रहेगी। कार्रवाई के दौरान नगर पालिका आरआई राजकुमार गिरजे, गोकुल पुष्पद, सतीश कंडारे, जितेंद्र दवारे सहित नगर पालिका का अमला मौजूद रहा।

23 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

राज्य कर्मचारियों ने की पुरानी पेंशन व टीईटी समाप्त करने की प्रमुख मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ आव्हान परमंगलवार खुजनेर तहसील इकाई द्वारा तहसीलदार खुजनेर के माध्यम से प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों की लंबित एवं न्यायोचित मांगों को लेकर प्रधानमंत्री ,मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव (मध्य प्रदेश शासन) के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया। तो प्रदेश भर के कर्मचारियों में पनप रहा असंतोष किसी भी समय बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है। कर्मचारी संघ के अनुसार, मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में की गई घोषणाओं और कर्मचारी हितैषी वादों के बावजूद अभी तक कई महत्वपूर्ण आदेश जारी नहीं किए गए हैं। इनमें मुख्य रूप से नए वेतन आयोग का गठन और दो से अधिक संतान की बाध्यता समाप्त करने जैसे विषय लंबित हैं। पुरानी पेंशन योजना वरिष्ठता के साथ लागू कर ग्रेच्युटी 25 लाख की जाए। नवीन शैक्षणिक संवर्ग की सेवा अवधि नियुक्ति दिनांक से गिनी जाए। केंद्र के समान महंगाई भत्ता दिया जाए। लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के समान समयमान वेतनमान मिले। दो से अधिक संतान की बाध्यता का आदेश निरस्त हो। दैनिक वेतनभोगी, संविदा, स्थायी कर्मियों का नियमितीकरण कर आउटसोर्स कर्मियों को शासकीय सेवक माना जाए।

टेट परीक्षा को लेकर राज्य कर्मचारी संघ ने ज्ञापन सौंपा



जीरापुर। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के आव्हान पर टेट परीक्षा एवं अन्य मांगों को लेकर तहसील कानूनगों शिवनन्दन दांगी को प्रधानमंत्री , मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।संघ ने प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित 25 न्यायोचित मांगों पर शीघ्र आदेश जारी करने की मांग की। संघ ने उल्लेख किया कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई कर्मचारी हितैषी घोषणाओं के बावजूद स्वास्थ्य बीमा योजना, कर्मचारी आयोग के गठन और दो संतान की बाध्यता समाप्त करने जैसे मामलों में अब तक कार्रवाई नहीं हुई।

प्रमुख मांगें

पुरानी पेंशन योजना वरिष्ठता के साथ बहाल हो व ग्रेच्युटी सीमा 25 लाख की जाए, केंद्र के समान महंगाई भत्ता, लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के समान समयमान वेतनमान साथ ही दो संतान की बाध्यता का आदेश निरस्त हो , दैनिक वेतनभोगी, संविदा, स्थायी व आउटसोर्स कर्मियों का नियमितीकरण, पंचायत सचिवों का पंचायत विभाग में संविलियन, कृषि विस्तार अधिकारियों की वेतन विसंगति दूर करना और शिक्षकों को वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति देना।इसके अलावा टेट परीक्षा समाप्ति के लिए विशेष सत्र बुलाने, अनुकंपा नियुक्ति, ई-अटेंडेंस में सुधार और विभिन्न विभागीय संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग भी शामिल है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से तहसील अध्यक्ष रामप्रसाद वर्मा , जिला संगठन मंत्री फुलसिंह वर्मा , आराधना शर्मा मौजूद रहे।

लंबित प्रकरण में गवाही के लिए उपस्थित नहीं होने पर कोर्ट सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मंदसौर मुनेन्द्र सिंह वर्मा के न्यायालय में थाना सुवासरा के लंबित प्रकरण क्र. 62/2019 में न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी बलराम सोलंकी द्वारा बताया गया कि मंदसौर में पदस्थापना के दौरान साक्षी उपनिरीक्षक राजू सिंह अहिरवार ने अपराध क्रमांक 132/2019 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट में 23 किलो 600 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा आरोपी रजिन्दर सिंह पिता कुलदीप सिंह निवासी झन्डाकला जिला मानसा पंजाब से जप्त किया था। वर्तमान में जिला पुलिस बल ग्वालियर में पदस्थ उक्त प्रकरण में साक्षी उप निरीक्षक राजु सिंह अहिरवार की उपस्थिति हेतु न्यायालय द्वारा लगभग 17 से अधिक बार गिरफ्तारी वारंट साक्ष्य हेतु जारी किए जा चुके हैं। पुलिस अधीक्षक के माध्यम से वारंट भेजने पर भी उनि राजुसिंह अहिरवार उपस्थित नहीं हुआ। जबकि प्रकरण नारकोटिक्स का गंभीर मामला है उक्त प्रकरण को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा शीघ्र निराकरण के निर्देश हैं। न्यायालय ने माना कि साक्षी उनि राजुसिंह अहिरवार जानबूझकर गवाही देने से बच रहा है, इस कारण न्यायालय द्वारा पेंशन/वेतन रोकने का आदेश दिया। साक्षी की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु न्यायालय ने आदेश दिनांक 09.09.2026 से कोषालय अधिकारी ग्वालियर को आदेश दिया है कि साक्षी का वेतन/पेंशन इस न्यायालय के आदेश के बिना आहरित न किया जाए। साक्षी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए माननीय न्यायालय द्वारा संबंधित पुलिस अधीक्षक ग्वालियर एवं मंदसौर को भी इस संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं।

आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने बिजासन धाम में किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी भैंसवा माताजी स्थित मां बिजासन धाम पहुंचे। उन्होंने मां बिजासन के दर्शन-पूजन कर विश्व कल्याण एवं सद्भावना की कामना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में चल रहे मंदिर निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन किया और व्यवस्थाओं को लेकर उपस्थित समाजसेवियों एवं समिति सदस्यों से चर्चा की।निरीक्षण के दौरान सुरेश सोनी ने कहा कि मंदिर केवल देव स्थान नहीं होते, बल्कि समाज जीवन की दिशा तय करने वाले विभिन्न आयामों के केंद्र भी होते हैं। इसी सोच के साथ मां बिजासन धाम के सर्वांगीण विकास की दिशा में विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। माता धाम परिसर में नक्षत्र वाटिका, योगशाला, यज्ञशाला, वैदिक संस्कृत पाठशाला, धन्वंतरि उद्यान, परिक्रमा मार्ग, प्रगति संस्थान, ग्रामीण आजीविका प्रशिक्षण केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अतिथि विश्राम गृह, ग्रामीण पर्यटन, गौशाला सहित मां भगवती का उद्गम स्थल, दूध तलाई, गुरु गोरक्षनाथ जी की तपोस्थली एवं धुना स्थल तथा कथा पंडाल जैसे विभिन्न आयामों को विकसित किया जा रहा है।

पर्यावरण और जल संरक्षण पर दिया जोर

सुरेश सोनी ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर पहाड़ियों पर किए गए वृक्षारोपण कार्यों का भी अवलोकन किया। पौधों की सुरक्षा के लिए की गई फेंसिंग की व्यवस्था को देखा। उन्होंने जल संरक्षण के लिए तालाबों के गहरीकरण के साथ वाटर रिचार्ज प्रणाली विकसित करने तथा पहाड़ियों पर वाटर रिचार्ज ट्रेन बनाए जाने पर जोर दिया।

नन्ही बालिका ने किया पुस्तकालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शिक्षा, ज्ञान को बढ़ावा देने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बच्चों को तैयार करने के उद्धेश्य से किए जा रहे प्रशासनिक प्रयासों की कड़ी में जिले की भाटखेड़ी ग्राम पंचायत में नवीन पुस्तकालय का निर्माण करवाया गया है। स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर बने इस पुस्तकालय का बुधवार को विधि-विधान से उद्घाघाटन करवाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत



सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने एक नन्हीं बालिका से फीता कटवाते हुए पुस्तकालय आरंभ करवाया। पुस्तकालय का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं युवाओं को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण, पुस्तकें उपलब्ध कराना है।

धर्म को प्रकृति से जोड़ने का किया गया प्रयास

पर्यावरण बचाने बच्चों ने मिट्टी से बनाईं ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

गणेश उत्सव के साथ पर्यावरण संरक्षण की भावना समाहित करने के उद्धेश्य से नगर के के.के. मेमोरियल पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रतिमाएं पूरी तरह मिट्टी से बनाई गईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मिट्टी से भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को बनाना सीखा। प्रशिक्षण के उपरांत छात्र-छात्राओं ने 100 से अधिक मूर्तियां तैयार की हैं। इस पहल का उद्धेश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना था। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य तेजेंद्र उपाध्याय ने बच्चों को संबोधित करते



हुए कहा कि आने वाले गणेश उत्सव में हम सभी को अपने घरों में पर्यावरण अनुकूल मिट्टी से निर्मित गणेश प्रतिमाओं की ही स्थापना करनी चाहिए। यदि प्रतिमा अपने हाथों से बनाकर स्थापित की जाए तो यह पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ हमारी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का और भी सुंदर माध्यम होगा।

प्रकृति के लिए नुकसानदायक है पीओपी

स्कूल प्राचार्य ने बच्चों को समझाया कि पीओपी(प्लास्टर ऑफ पेरिस) एवं अन्य रासायनिक रंगों से बनी प्रतिमाओं के स्थान पर प्राकृतिक मिट्टी से बनी प्रतिमाओं का उपयोग करने से जल स्रोतों और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं मेघा रानी मेवाड़े, अलीशा, भगवती त्यागी, भगवती पवार सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिमा निर्माण में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि आगामी 15 सितंबर मंगलवार से गणेशोत्सव का आगाज होने जा रहा है।

मंदसौर जिला अस्पताल में माइक्रो बायोलॉजी-हिस्टोपैथोलॉजी लैब प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

इंदिरा गांधी जिला अस्पताल में गुरुवार को माइक्रोबायोलॉजीऔर हिस्टोपैथोलॉजी सर्विस लैब शुरू की गई। अब अस्पताल में संक्रमण फैलाने वाले बैक्टीरिया और फंगस की जांच के साथ टिश्यू और बायोप्सी की जांच भी हो सकेगी। इससे मरीजों को इन जांचों के लिए दूसरे बड़े शहरों में सैंपल भेजने की जरूरत कम होगी। जिला अस्पताल में पहले माइक्रोबायोलॉजी लैब नहीं थी। अब माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने यह सुविधा शुरू की है। लैब में यूरिन, बलगम और ब्लड जैसे सैंपल की जांच होगी। इनमें मौजूद बैक्टीरिया की पहचान की जाएगी। इसके बाद यह भी जांचा जाएगा कि संबंधित बैक्टीरिया पर कौन-सा एंटीबायोटिक प्रभावी होगा।

लैब में फंगल इंफेक्शन की जांच भी होगी। त्वचा, नाखून और आंखों समेत शरीर के अलग-अलग हिस्सों में होने वाले फंगल संक्रमण की पहचान की जा सकेगी। हिस्टोपैथोलॉजी सेवा के तहत प्रभावित टिश्यू की बारीकी से जांच और बायोप्सी की सुविधा शुरू हुई है। लैब का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने किया। इस दौरान मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. शशि गांधी, जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. बीएल रावत और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके द्विवेदी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

कलेक्टर ने मंदिर परिसर का किया निरीक्षण



सीहोर। गणेश चतुर्थी के अवसर पर सीहोर के गणेश मंदिर परिसर में मेले का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर 0बालागुरू के. ने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. ने श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए पुलिस प्रशासन को पार्किंग एवं बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही नगर पालिका द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा कार्यक्रम स्थल का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर बालागुरू के. ने गणेश मंदिर परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडिसनल एसपी प्रशांत चौबे, एसडीएम तन्मय वर्मा एवं नगर पालिका अधिकारी श्री सुधीर कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

पार्षद के साथ ठेकेदार ने की मारपीट, पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण

बाइक रोककर अभद्रता और धक्का देकर सड़क पर गिराने का लगाया आरोप

पार्षद की शिकायत पर पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के सबसे बड़े वार्ड क्रमांक 15 के भाजपा पार्षद तेजसिंह राठौर के साथ बुधवार रात कॉलोनी चौराहे के समीप एक ठेकेदार द्वारा कथित रूप से अभद्रता और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पार्षद की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित ठेकेदार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच के साथ आरोपी ठेकेदार का पूर्व रिकॉर्ड भी खंगाल रही है। पार्षद तेजसिंह राठौर के अनुसार बुधवार 9 सितंबर की रात वह अपने एक परिचित के साथ दोपहिया वाहन से कॉलोनी चौराहे के समीप से गुजर रहे थे। इसी दौरान नगर पालिका में ठेकेदारी का कार्य करने वाला ठेकेदार बल्तर बिल्सन बोलेरो वाहन से वहां पहुंचा और उनकी बाइक रुकवा ली। आरोप है कि ठेकेदार ने उनके साथ अभद्रता शुरू कर दी। पार्षद ने बताया कि शुरुआत में उन्होंने मामले को गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन विवाद बढ़ने पर ठेकेदार ने उन्हें धक्का दे दिया, जिससे वे सड़क पर गिर गए। इसके बाद दोनों के बीच विवाद और मारपीट की स्थिति बन गई। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

शिकायत को लेकर विवाद की आशंका

पार्षद राठौर ने बताया कि विवाद का कारण उनके वार्ड की शांति नगर कॉलोनी में सड़क निर्माण से जुड़ी शिकायत माना जा रहा है। उनके अनुसार कॉलोनी में तीन सड़क निर्माण कार्य प्रस्तावित थे, जिनमें से एक सड़क का निर्माण किया गया और उसका पूरा भुगतान भी ले लिया गया, जबकि अन्य कार्यों को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों के समक्ष शिकायत की थी।

पार्षद का आरोप है कि इसी शिकायत को लेकर ठेकेदार नाराज था और इसी बात को लेकर उनके साथ विवाद हुआ। हालांकि, पुलिस जांच के बाद ही मारपीट के वास्तविक कारण और घटनाक्रम की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। नगर निरीक्षक रवींद्र यादव ने बताया कि मारपीट की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। उस समय घटनास्थल पर काफी भीड़ जमा थी। पुलिस ने संबंधित ठेकेदार को अभिरक्षा में लिया था। बाद में मामले में विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब घटना के प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी जुटाने के साथ ही मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच कर रही है। साथ ही आरोपी ठेकेदार का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

तीन मोटरसाइकिल पर बांधकर ले जाई जा रही थी अवैध सागवान की लकड़ी

वन अमले ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ खातरोद

डीएफओ अर्चना पटेल के निर्देश व एसडीओ कृतिका जायसवाल के मार्गदर्शन में रेंजर नवनीत झा और उनकी टीम द्वारा वन माफिया के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को डिप्टी रेंजर कुमेर सिंह चौहान अपनी टीम के साथ रात्रि गस्त कर रहे थे।

मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की रामपुरा कला गांव से तीन मोटरसाइकिल सिंगार चोरी तरफ आ रही है। जिन पर अवैध सागवान लकड़ी बंधी हुई है। सूचना मिलते ही डिप्टी रेंजर कुमेर सिंह चौहान अपनी टीम के साथ सिंगार चोरी गांव के कच्चे रास्ते पर पहुंचे जहां पर उन्हें तीन मोटरसाइकिल आती दिखी वन विभाग की टीम को देखकर आरोपी लकड़ी सहित मोटरसाइकिल छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए जंगल की ओर भाग गए। वन विभाग की टीम द्वारा लकड़ी व मोटरसाइकिल अपने कब्जे में लेकर अज्ञात अरोपी के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। तीन मोटरसाइकिल व लकड़ी की कुल कीमत 1 लाख आकी गई। इस कार्रवाई में डिप्टी रेंजर कुमेर सिंह चौहान, वनरक्षक बहादुर सिंह ठाकुर, जितेंद्र सिंह ठाकुर, फैजल वरनी, चंचल चंदेल, हुकंम परमार, स्थाई कर्मी ओमप्रकाश मेवाडा, कैलाश की सराहनीय भूमिका रही।

गांव में अच्छी बारिश के लिए इंद्रदेव को मनाने श्मशान में गधे पर बैठकर की पूजा, लगाई परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर क्षेत्र के ग्राम कजलास में बारिश नहीं होने से खरीफ की सोयाबीन की फसल सूखने की कगार पर है। किसानों को भारी नुकसान का डर सता रहा है। बारिश की कामना को लेकर ग्रामीणों ने पुरानी परंपरा और रीति-रिवाज का सहारा लिया। सभी ग्रामवासियों ने एकजुट होकर श्मशान घाट में गधे की पूजा की और श्मशान की परिक्रमा कर इंद्रदेव से बारिश के लिए प्रार्थना की। ग्रामीणों का मानना है कि इस टोटके से इंद्रदेव प्रसन्न होते हैं और बारिश होती है। ग्राम पंचायत कजलास के सरपंच बाबूलाल जाटव ने बताया कि लंबे समय से गांव में अच्छी बारिश नहीं हुई है, जिससे सोयाबीन की फसल को काफी नुकसान हो रहा है। इसलिए गांव के बुजुर्गों की सलाह पर पुरानी परंपरा को निभाते हुए इंद्रदेव से पानी के लिए प्रार्थना की गई है।इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

विधायक ने जनसुनवाई में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विधायक कार्यालय में हुई जनसुनवाई में जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत ग्वाला की सरपंच आरती बामनिया के नेतृत्व में पंचायत के ही मंजरा टोला ग्राम गल्लाखेड़ी के रहवासी विधायक कार्यालय पहुचे ओर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर से मिल कर बताया कि पंचायत ग्वाला में उक्त ग्राम गल्लाखेड़ी आता है, इसमें पंचायत के दो वार्ड भी आते है । ग्राम में 70 से 80 परिवार रहते है,लेकिन उक्त ग्राम के लोगो जहां रहते है वो जमीन वन ग्राम की है उसे राजस्व की घोषित की जाए। इसके साथ ही विधायक ने जनसुनवाई में आये अन्य कई ग्रामो के ग्रामीण जनों की वन टू वन मिल कर समस्याओं को सुना। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं,मांगो का जल्द निराकरण होगा। जो मांग शासन स्तर की है उन्हें वे शासन तक पहुंचाउंगा। जनसुनवाई में ग्राम गोदी में मांगलिक भवन में टीन शेड एवं इंटर विधानसभा के अंतर्गत हर्राजखेड़ा से गोदी तक मार्ग निर्माण की मांग, प्रधानमंत्री आवास प्रदाय कराने, छापरी देवकी ग्राम के 24 निवासरत परिवारों हेतु ट्रांसफार्मर स्थापित कराने, ग्राम उदयपुर जागीर में सड़क निर्माण कराने,पुराना आष्टा हनुमान गढ़ी हुसैनपुर खेड़ी पहाड़ी आश्रम पर प्रवचन हेतु हॉल निर्माण कराने, ग्राम पंचायत श्यामपुरा मगरदा से रावत मोहल्ले में सीसी रोड़ निर्माण कराने,म.प्र. की सबसे युवा पर्वतारोही प्रीति परमार को माउंट कोजिउस्को अभियान हेतु सहायता राशि प्रदाय कराने,काबिज वन भूमि का पट्टा प्रदाय कराने, ग्राम धरमपुरी में विधायक निधी से चबुतरा निर्माण कराने,ग्राम जसमत में रामलीला मंडल को राशि प्रदाय कराने,ग्राम पंचायत झिकड़ी मेवाती में निर्माण कार्य कराये जाने, प्रधानमंत्री आवास, आश्रम निर्माण, आर्थिक सहायता देने,ग्राम जीवापुर महोड़िया में पुलिया निर्माण एवं मुरमीकरण कराने सहित अन्य आवेदन पत्र प्राप्त हुए। सभी आई शिकायतों,मांगो एवं आवेदनों को सम्बंधित विभागों को निराकरण के निर्देश दिए।

पर्यूषण पर्व आत्मशुद्धि और क्षमाभाव का पर्व, किसी के प्रति मन में बैर भाव न रखें: यशोजीत विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पर्यूषण महापर्व के अवसर पर आष्टा तीर्थ श्री नेमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर किला के उपाश्रय में पन्यास प्रवर यशोजीत विजय महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य को किसी के प्रति भी बैर अथवा द्वेष का भाव नहीं रखना चाहिए। पर्यूषण पर्व आत्मशुद्धि, तप, त्याग, क्षमा और अपने भीतर झांककर स्वयं को सुधारने का अवसर प्रदान करता है। हमें यह देखने के बजाय कि दुनिया क्या कर रही है या परिवार के अन्य लोग क्या कर रहे हैं, इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि मुझे अपने जीवन में क्या करना है। महाराज ने कहा कि भारत संस्कृति प्रधान देश है और हमारे जीवन के रोम-रोम में पवित्रता का भाव होना चाहिए।

व्यक्ति को संसार में रहते हुए भी पुण्यार्जक श्रावक बनने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति स्वयं को जितना अधिक शुद्ध बनाएगा, उतना ही उसका जीवन धर्ममय और सार्थक बनेगा। पर्यूषण पर्व के दौरान आष्टा तीर्थ श्री नेमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर किला से भगवान को रजत पालकी में विराजमान कर पन्यास प्रवर यशोजीत विजय महाराज साहब ससंघ के पावन सानिध्य में पौथाजी का भव्य जुलूस गुरुवार की दोपहर को निकाला गया। जुलूस प्रगति गली, बुधवारा, गल चौराहा होते हुए कॉलोनी चौराहा पहुंचा। इसके बाद जुलूस श्री सीमंधर जिनदत्त धाम दादाबाड़ी पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं ने दादा गुरु के दर्शन किए।इसके पश्चात जुलूस अदालत तिराहा, मानस भवन रोड और सुभाष चौक होते हुए गंज स्थित श्री जैन मंदिर पहुंचा।

यहां भगवान के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के बाद उपाश्रय में पन्यास प्रवर यशोजीत विजय महाराज ने पौथाजी अर्थात भगवान की वाणी उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रवण कराई। महाराज ने कहा कि भगवान ने आत्मकल्याण और मोक्ष का जो मार्ग बताया है, उस मार्ग पर चलकर ही मनुष्य अपने जीवन को सार्थक कर सकता है। धर्म केवल सुनने का विषय नहीं, बल्कि उसे जीवन में उतारने का मार्ग है। भगवान की वाणी को सुनकर उसके अनुरूप आचरण करना ही वास्तविक धर्माराधना है। गंज मंदिर से पौथाजी का जुलूस सिकंदर बाजार, बड़ा बाजार और सब्जी मंडी होते हुए पुनः आष्टा तीर्थ श्री नेमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर किला पहुंचा।

जुलूस के दौरान मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान एवं पन्यास प्रवर यशोजीत विजय महाराज साहब के समक्ष जगह-जगह गवली कर आशीर्वाद लिया। पूरे मार्ग में धर्ममय वातावरण बना रहा।पन्यास प्रवर यशोजीत विजय महाराज के साथ वीरतेन्द्र महाराज और साध्वीजी भी जुलूस में शामिल थे ।वहीं दूसरी ओर श्रद्धालु भक्ति एवं श्रद्धा के साथ पौथाजी के जुलूस में शामिल हुए।

आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा की जब्त

सीहोर। कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण एवं क्रय-विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी श्री दीपसिंह राठौर ने बताया कि 10 सितंबर को जिला आबकारी बल के सहयोग से वृत आष्टा में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री राजेश विश्वकर्मा द्वारा ग्राम चिनोटा में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध 02 प्रकरण दर्ज किए। कार्रवाई के दौरान 05 लीटर हाथ भट्टी कच्ची मदिरा तथा 90 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। इसी प्रकार वृत्त भैरूंदा में आबकारी उपनिरीक्षक श्री माधव कुण्डल एवं आबकारी टीम द्वारा ग्राम इटावा कला थाना गोपालपुर में 01 प्रकरण दर्ज कर 10 पाव देशी मदिरा जब्त किया गया।

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय सीहोर के मनकक्ष एवं उमंग स्वास्थ्य केंद्र की टीम द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) गंज, सीहोर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आत्महत्या की रोकथाम, मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद व्यक्तियों को समय पर भावनात्मक सहयोग एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना रहा। गेटकीपर मॉड्यूल के माध्यम से प्रतिभागियों को मानसिक तनाव, भावनात्मक संकट एवं आत्महत्या के संभावित संकेतों को पहचानने तथा ऐसे व्यक्तियों से संवेदनशीलता एवं सहानुभूति के साथ संवाद करने की जानकारी दी गई। साथ ही, संकट की स्थिति में व्यक्ति को अकेला न छोड़ने और आवश्यकता पड़ने पर उचित स्वास्थ्य सेवाओं एवं विशेषज्ञ सहायता से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। मानस हेल्पलाइन नंबर के संबंध में जानकारी साझा की गई। बताया गया कि एप के माध्यम से व्यक्ति स्वयं का मानसिक स्वास्थ्य मूल्यांकन कर अपनी मानसिक एवं भावनात्मक स्थिति से जुड़ी संभावित समस्याओं को समझ सकता है। आवश्यकता होने पर उचित परामर्श एवं सहायता प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ने हेतु भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को अपने आसपास के लोगों की बात ध्यानपूर्वक सुनने, भावनात्मक सहयोग देने तथा जरूरत पड़ने पर उन्हें उचित सहायता तक पहुंचाने के लिए "मित्रम" की भूमिका निभाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य संदेश रहा कि समय पर बातचीत, संवेदनशीलता और सही सहयोग किसी व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

विधायक सुदेश राय के निरीक्षण के बाद एक्शन में आया विभाग

पर्यवेक्षक, कार्यकर्ता, समूह अध्यक्ष को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बिछिया आंगनबाड़ी केंद्र में विधायक सुदेश राय के द्वारा किए गए औचक निरीक्षण के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग एक्शन में आ गया है। विभागीय जिला अधिकारी के निर्देश पर परियोजना अधिकारी द्वारा श्यामपुर पर्यवेक्षक चंद्रश्री चौरसिया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बिछिया रजनी दांगी और बच्चों को भोजन परोसने वाले किरण स्व सहायता समूह की अध्यक्ष लीलावती को कारण बताओं नोटिस जारी कर दिए हैं। विभाग ने जवाब देने के लिए संबंधितों को 3 दिन का समय दिया है इसके बाद अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया गया है। विधायक सुदेश राय ने 9 सितंबर बुधवार को आंगनवाड़ी केंद्र बिछिया का औचक निरीक्षण किया था निरीक्षण के दौरान बच्चों को खाने मैं मात्र उबले हुए पीले चावल मिले थे। जबकि मेनू अनुसार बच्चों को पोस्टिक आहार दिया जाना था। यही नहीं विधायक सुदेश राय के द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रजनी दांगी बिना अनुमति के अनुपस्थित पाई थीं । विधायक श्री राय के पूछने पर उपस्थित बच्चों द्वारा बताया गया था कि मेनू अनुसार नाश्ता एवं भोजन नहीं मिलता है। विधायक सुदेश राय ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए अव्यवस्थाओं और लापरवाहियों को देखा था। विधायक सुदेश राय ने बेहद नाराजगी व्यक्त की थी और उन्होंने बच्चों को ताजा गर्म भोजन प्रतिदिन मेन्यू अनुसार उपलब्ध करवाया जाने के निर्देश से दिए थे। निरीक्षण में पाया गया था कि बिछिया के स्व सहायत समूह द्वारा कई दिनों से मेनू अनुसार बच्चों को खाद्यान्न नहीं दिया जा रहा था । निरीक्षण के बाद यह सामने आया कि पर्यवेक्षक चंद्र श्री चौरसिया के द्वारा समूह को बेवजह का फायदा पहुंचाया जा रहा था उनके द्वारा सेक्टर के केदो का नियमित मॉनिटरिंग और निरीक्षण नहीं किया जा रहा था इसी प्रकार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रजनी दांगी भी गंभीर लापरवाही कर रही थी। शासन की महत्वकांक्षी पोषण आहार योजना के क्रियान्वयन में किरण सो सहायता समूह बिछिया की अध्यक्ष लीलावती के द्वारा भी लापरवाही की जा रही थी जिससे बच्चों को मेनू अनुसार भोजन पोषण आहार नहीं मिल रहा था। विधायक सुदेश राय ने कहा सरकार के द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ियों के माध्यम से बच्चों को पोषण आहार उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया जा रहा है बजट की कोई भी कमी नहीं है । लेकिन पोषण आहार योजना सहित अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन ठीक तरीके से नहीं किया जा रहा है। बच्चे हमारे हृदय के कैसे हैं बच्चों आहार में प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।

उपायुक्त खेडेकर ने किया मुख्य बस स्टैंड का औचक निरीक्षण



देवास। आगामी गणेशोत्सव के पावन पर्व को दृष्टिगत रखते हुए महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम उपायुक्त आरती खेडेकर के द्वारा मुख्य बस स्टेण्ड का बुधवार 9 सितम्बर को औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने बस स्टेण्ड पर पीने के पानी, साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं यात्रियों के बैठने की व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने निगम स्वास्थ्य अधिकारी सौरभ त्रिपाठी को बस स्टेण्ड एवं बस स्टेण्ड के आसपास प्रतिदिन सफाई करवाने के साथ यात्री प्रतिक्षालयों का सुबह के साथ दोपहर में तथा डस्टबीनों की भी सफाई किये जाने के निर्देश दिये गये साथ ही दुकानों पर भी डस्टबीन रखवाये जाने हेतु कहा। उपायुक्त ने बस स्टेण्ड पर प्रतिक्षालयों की रंगाई पुताई के साथ दोनो प्रतिक्षालयों में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था निरंतर बनी रहे साथ ही दोनो ही प्रतिक्षालयों मे पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था रहे तथा पंखे दुरूस्त कर लगवाये जाने के भी निर्देश प्र.कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती को दिये। इस दौरान निगम सहायक यंत्री दिनेश चौहान, जितेन्द्र सिसोदिया,एसआई विजय सांगते, दरोगा राजकुमार कल्याणें, कुर्बान शाह,संस्था ओम सांई विजन के सदस्य उपस्थित रहे।

विधायक पवार ने बनाए मिट्टी के गणेश

देवास। इटावा में चल रही 'मेरे गणेश, मिट्टी के गणेश' कार्यशाला में देवास विधायक गायत्रीराजे पवार ने उपस्थित होकर कार्यशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने अभियान से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली तथा विगत एक माह में तैयार की गई 1000 मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं का अवलोकन कर अभियान की सराहना की। विगत 10 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस अभियान की प्रशंसा करते हुए विधायक पवार ने कहा कि, मिट्टी के गणेश बनाने और पर्यावरण संरक्षण का यह अभियान वास्तव में सराहनीय एवं अनुकरणीय प्रयास है।